**14 सितम्बर 2021 को विज्ञान भवन में माननीय गृह मंत्री द्वारा वर्ष 2020 -21 के लिए राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद, नोएडा को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार दिया गया।**

हिन्दी दिवस के अवसर पर राजभाषा कीर्ति पुरस्कार हेतु वर्ष 2020-21 के लिए बोर्डो/स्वायत्त संस्थानों आदि की श्रेणी के अंतर्गत “क” क्षेत्र मे राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद, नोएडा को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के कर कमलों से नई दिल्ली के विज्ञान भवन मे दिया गया। पुरस्कार ग्रहण करने के लिए राष्ट्रीय परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ज्ञान भूषण, राष्ट्रीय परिषद के निदेशक (प्र. एवं वित्त) श्री एल.के. गांगुली तथा मनोनीत हिन्दी अधिकारी श्रीमती कृष्णा गौनियाल के साथ उपस्थित थे। राष्ट्रीय परिषद को यह पुरस्कार राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020-21 के दौरान राजभाषा मे श्रेष्ठ कार्य के निष्पादन के लिए दिया गया है।

राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग टेक्नॉलॉजी परिषद, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी निकाय है। राष्ट्रीय परिषद द्वारा अपने संबद्ध कुल 91 होटल प्रबंध संस्थानों जिसमे केंद्रीय होटल प्रबंध संस्थान, राज्य होटल संस्थान व निजी होटल प्रबंध संस्थान तथा फूड क्राफ्ट संस्थान शामिल है, के माध्यम से देश भर मे होटल प्रबंधन व आतिथ्य में उच्चकोटि की शिक्षा प्रदान की जाती है।